संख्या-**378**/2023/2121/41-2023-53(बजट)/2023 टी0सी0

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग लखनऊ:: दिनांक **28** अप्रैल, 2023

विषय: जनपद अयोध्या के सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण कार्य के संबंध में ।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक पर्यटन निदेशालय के पत्र संख्या-9114/6-1-1/(1641)/2022-23, दिनांक 01.03.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा से जनपद अयोध्या के गुप्तारघाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण के कार्य हेतु उ0प्र0 प्रोजेक्ट्स कारपोरशन लि0 द्वारा गठित आगणन धनराशि रू0 1765.25 लाख के प्रस्ताव को प्रेषित करते हुए प्रशासकीय एवं वित्तीय प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया। पी0एफ0ए0डी0 की मूल्यांकन आख्या दिनांक 17.03.2023 में परियोजना में धनराशि रू0 455.34 लाख की उच्च विशिष्टियों के कार्य पाये गये। तत्क्रम में पर्यटन निदेशालय के पत्र संख्या-9798/6-1-1/(1641)/2022-23, दिनांक 22.03.2023 द्वारा परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के संबंध में मा0 मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त किये जाने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया।

2- विविध पर्यटन आकर्षणों की दृष्टि से उत्तर प्रदेश भारत का सबसे महत्वपूर्ण राज्य है। भारत में घरेलू पर्यटकों एवं विदेशी पर्यटकों के आगमन की दृष्टि से उत्तर प्रदेश का क्रमशः प्रथम एवं तृतीय स्थान है। अपनी गौरवशाली ऐतिहासिक**,** सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासतों तथा समृद्ध प्राकृतिक वन सम्पदा की दृष्टि से उत्तर प्रदेश में पर्यटन की असीम सम्भावनाएं विद्यमान हैं।

अयोध्या एक विश्वस्तरीय धार्मिक/पौराणिक नगरी है। विश्व प्रसिद्ध अयोध्या को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि होने का गौरव प्राप्त है तथा प्रदेश का एक प्रमुख आध्यात्मिक पर्यटन स्थल है। अयोध्या में प्रतिवर्ष कई राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के मेले**,** महोत्सवों का आयोजन किया जाता है। पर्यटन विभाग द्वारा भी विगत 06 वर्षो से दीपावली से

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

एक दिन पूर्व अयोध्या में दीपोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या में वर्ष 2021-22 में लगभग 01 करोड़ 50 लाख श्रद्धालुओं/तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों का आगमन हुआ है। भविष्य में श्रद्धालुओं/तीर्थ यात्रियों एवं पर्यटकों की संख्या में अत्यधिक वृद्धि संभावित है।

जनपद अयोध्या के सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण कार्य के प्रारम्भिक आगणन धनराशि रू0 1765.25 लाख के सापेक्ष पी0एफ0ए0डी0 द्वारा मूल्यांकन के उपरान्त धनराशि रू0 1657.15 लाख आंकलित की गयी है। परियोजना हेतु **उ0 प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लि0** को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। परियोजना प्रस्ताव/आगणन का गठन लोक निर्माण विभाग, अयोध्या परिक्षेत्र के शिड्यूल ऑफ रेट्स वर्ष 2022 तथा डी0एस0आर0-2021 के आधार पर किया गया है, जो दरें इसमें उपलब्ध नहीं है, उन्हें बाजार दरों के दृष्टिगत एस0ओ0आर0/डी0एस0आर0 के स्कैल्टन में प्रयुक्त करते हुए एनलाइज्ड दरों के आधार पर किया गया है। संदर्भित प्रायोजना का गठन विभागीय आवश्यकताओं के अनुरूप किया गया है।

जनपद अयोध्या के सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण की परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्य यथा ग्लास शटर 210 वर्ग मीटर पर रू0 12.81 लाख, ब्राउन बोल्डर 2398.21 वर्ग मीटर पर रू0 175.07 लाख, खादू टीक 1621.37 वर्ग मीटर पर रू0 116.71 लाख, सफेद रिवर पेबिल 2065 वर्ग मीटर पर रू0 150.75 लाख आदि का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है।

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद अयोध्या के सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण कार्य के संबंध में मा0 मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक 25.04.2023 में निम्नलिखित निर्णय लिये गये हैं :-

(क) जनपद अयोध्या के सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत सौन्दर्यीकरण की परियोजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के कार्य यथा ग्लास शटर 210 वर्ग मीटर पर रू0 12.81 लाख, ब्राउन बोल्डर 2398.21 वर्ग मीटर पर रू0 175.07 लाख, खादू टीक 1621.37 वर्ग मीटर पर रू0 116.71 लाख, सफेद रिवर पेबिल 2065 वर्ग मीटर पर रू0 150.75 लाख अर्थात कुल धनराशि रू0 455.34 लाख का निर्माण कराया जाय।

(ख) प्रकरण में अग्रत्तर निर्णय लिये जाने हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी को अधिकृत किया गया।

4- जनपद अयोध्या के सरयू नदी के तट पर गुप्तार घाट में तृतीय चरण के अन्तर्गत प्रस्तावित सौन्दर्यीकरण कार्य के संबंध में योजना में सम्मिलित उच्च विशिष्टियों के निर्माण के

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संबंध में **क्रियान्वयन से पूर्व पर्यटन निदेशालय/कार्यदायी संस्था द्वारा इन कार्यों हेतु प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर दरें प्राप्त कर निर्माण कार्य सुसंगत वित्तीय नियमों के आधार पर किया जायेगा।**

5- अत: कृपया तदनुसार प्रकरण में उपर्युक्त निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में अग्रत्तर कार्यवाही सुनिश्चित कर शासन को तत्काल सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. मुख्य सचिव, उ0 प्र0 शासन।
2. अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उ0 प्र0।
3. अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0 प्र0।
4. निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, पर्यटन विभाग, उ0 प्र0।
5. **अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव,**
   वित्त विभाग/न्याय विभाग/ नियोजन विभाग,संस्कृति विभाग, उ0 प्र0 शासन।
6. निदेशक, पर्यटन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
7. जिलाधिकारी, अयोध्या।
8. वित्त नियंत्रक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
9. उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, लखनऊ।
10. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(रामेश्वर सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।